सबको शामिल करना: प्राथमिक भाषा और साक्षरता

हिन्दी
कमेंट्री: इस प्राथमिक भाषा की कक्षा में, विद्यार्थी चित्रों पर आधारित कहानियाँ लिख रहे हैं। शिक्षिका की योजना हर किसी को शामिल करने की है। और इसकी शुरुआत के तौर पर, वह सभी विद्यार्थियों का स्वागत, उनकी घर की भाषा में अभिवादन के द्वारा करती हैं। **शिक्षिका:** वालेकुम अस्सलाम! नमस्ते! आदाब! बैठ जाइए। शिक्षिका साक्षात्कार: Greetings भी उनकी अगर अपनी language में होती है, तो वह स्कूल से ज्यादा जुड़ाव महसूस करता है। और बच्चे खुश हो कर three language में greeting कर रहे हैं। कमेंट्री: शिक्षिका पिछले पाठ की समीक्षा करती हैं। फिर वह एक समूह गतिविधि की तैयारी करती हैं, जिसमें हर विद्यार्थी की एक भूमिका होगी। **शिक्षिका:** ये picture, हम एक एक seat पर देंगे। सब लोग मिलकर के इस पर बातें करेंगे। हर बच्चा - एक वाक्य जोड़ेगा, फिर दूसरा बच्चा - दूसरा वाक्य जोड़ेगा, तीसरा - तीसरा जोड़ेगा। इस तरह से एक अच्छी-सी कहानी निकल के आएगी। ठीक है? और फिर वैसे ही लिखोगे भी। एक बच्चा - एक वाक्य लिखेगा, दूसरा - दूसरा वाक्य लिखेगा, तीसरा बच्चा - तीसरा वाक्य लिखेगा। सब मिलकर के बात करेंगे। सब मिलकर के काम करेंगे। एक एक वाक्य सब लोग जोड़ो। **विद्यार्थी १:** ईमाँ है बस। **विद्यार्थी २:** ईमाँ दूर दूर... **विद्यार्थी १:** ए! चुप के रहो! **शिक्षिका:** क्या? क्या story बनाई?

कमेंट्री:

शिक्षिका यह सुनिश्चित करने के लिए, समूह कार्य की निगरानी करती हैं, कि सभी विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वह अपने विद्यार्थियों के बीच सहयोग और मदद को बढ़ावा देती हैं।

विद्यार्थी २: मैं वहाँ गया, एक train देखा।

शिक्षिका: हाँ, कहाँ गया था?

विद्यार्थी २: वहाँ... थाने पे...

विद्यार्थी ३: ग़लत लिख री है...

विद्यार्थी ४: तो भैया, तुम लिखो।

विद्यार्थी ३: लो रोशनी, तुम लिखो।

विद्यार्थी ५: अपनी-अपनी, अपनी-अपनी लिखो।

विद्यार्थी ४: रोशनी फौजिया मिली। लिखो फौजिया मिली।

विद्यार्थी ५: ला, फौजिया लिख देत हैं। 'औ' ना मात्रा लगाएँ!

विद्यार्थी ६: एक बड़ा-सा स्कूल था।

विद्यार्थी ७: उस स्कूल में बहुत सारे बच्चे पढ़ते थे।

विद्यार्थी ८: उसकी madam ने, कहीं घुमाने ले जाए थे - बस में, ऐसा नहीं लिख सकते?

शिक्षिका साक्षात्कार:

Picture attractive थी, तो कम से कम उसको देख रहे थे, कहानी बना रहे थे। वो सब आपस में एकदूसरे की मदद कर रहे थे, help कर रहे थे।

विद्यार्थी ९: की... दु...कान पे गए...। प..., ई का लिखा है?

विद्यार्थी १०: पर...

विद्यार्थी ९: प...र गए।

विद्यार्थी ११: अब आगे बताओ।

विद्यार्थी १०: लिखी।

विद्यार्थी ३: Ma'am, इसको 'त' नहीं बनाने आता है!

शिक्षिका: तो बता दो! बता दो न! अपनी सहेली को बता दो। बताओ!

विद्यार्थी ३: ...ते हैं।

शिक्षिका: सबका काम हुआ? पहले अपने लिए ताली बजाईये!

सबने एकदूसरे की मदद की, इसलिए आपके लिए ये तालियाँ हैं! ठीक है? अब आगे ऐसे ही, और मदद करना!

कमेंट्री:

क्या आपको लगता है कि छोटे समूह में विद्यार्थियों की बेहतर भागीदारी हो सकती है? आप कैसे विभिन्न गतिविधियों की योजना बना सकते हैं, ताकि सभी विद्यार्थी, खासकर जो हाशिए पर हैं, उन्हें भी शामिल किया जा सके?